पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी

लखनऊः 25 अगस्त, 2024

राज्यपाल श्रीमती आंनदीबेन पटेल ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

राज्यपाल जी ने अपने बधाई संदेश में कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की जीवन लीलाओं से मानवता, प्रेम, नारी सम्मान, समरसता और शांति की ओर उन्मुख होने की प्रेरणा मिलती है। उनके जीवन संदेशों से लोक–कल्याण हेतु निष्काम भाव से कर्म करने की शिक्षा मिलती है। उन्होंने ने कहा कि जन्माष्टमी के पावन अवसर पर हम सभी पूरी निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने और सच्चाई के मार्ग पर चलने का संकल्प लें।

कृष्ण कुमार–सूचना अधिकारी/ राजभवन
सम्पर्क सूत्र–9454468250